तापमान

अधिकतम 12.9 डिग्री
न्यूनतम 8.4 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 जनवरी 2024

11 तीन साल से सड़क के बीचोंबीच अवरोधक बन रहे 44 खंभे



12 फर्द लेने के लिए लोग परेशान काट रहे पटवार भवन के चक्कर



## खबर संक्षेप

### गल्ले से पैसे चुराने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** मुल्तानी चौकी पुलिस ने मोहल्ला कसाबां स्थित सीएससी सेंटर के गल्ले से पैसे चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें तेलियान पुल निवासी नीरज उर्फ राजू और भगत सिंह नगर निवासी दीपक शामिल है।

### भैंस चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने ढंढूर गांव से भैंस चोरी के मामले में गांव के ही गोलू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जोगिंदर सिंह ने बताया कि सदर थाना में ढंढूर गांव निवासी राजेश ने 29 दिसंबर को गांव के जोहड़ से उसकी एक भैंस और तीन कटड़ी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपित गोलू को गिरफ्तार किया गया है।।

### ओवरब्रिज पर लाइटें न होने से दुर्घटना का खतरा

**आदमपुर।** आदमपुर भादरा रोड पर बने ओवरब्रिज पर व आसपास लाइटें न होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि इस कारण कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इन्होंने जनहित में तुरंत लाइटें लगवाने की मांग की है।

### समाजसेवी नारंग को सीता ने सम्मानित किया

**हिसार।** ऑटो मार्केट के प्रमुख व्यवसायी जीसी नारंग शहर की अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें हाल ही में प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में सीता का रोल करने वाली दीपिका चिखालिया ने हिसार में आयोजित एक समारोह में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व जीसी नारंग मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, कई बार स्वामी रामदेव के अलावा अनेक बार सार्वजनिक मंचों पर सम्मानित हो चुके हैं।

### सीएम के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** होमगार्ड के जवानों ने सोमवार को 60 साल की उम्र तक नियमित रूप से 365 दिन तक काम सहित अन्य मांगों को लेकर विधायक विनोद भ्याणा के आवास पर पहुंच मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वीरेंद्र, कृष्ण, कुलदीप व सुनील आदि मौजूद थे।

### श्री तिरुपति धाम में माता गोदांबा कल्याणोत्सव 14 को

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में माता गोदांबा कल्याणोत्सव 14 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मकर संक्रांति के अवसर पर दक्षिण भारतीय शैली में मनाए जाने वाले इस कल्याणोत्सव में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुण पहुंचेंगे।

### मेयर ने सरकारी आवास और गाड़ी की चाबियां निगमायुक्त को सौंपी

# शहर की छोटी सरकार का कार्यकाल पूरा

- 6500 बेसहारा पशु गो-अभ्यारण्य में न होते तो शहर का क्या हाल होता : निकाय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर की छोटी सरकार का सोमवार को पांच वर्ष कार्यकाल पूरा हो गया। इस मौके पर नगर निगम प्रशासन की तरफ से मेयर गौतम सरदाना समेत हाउस के 20 पार्षद तथा 3 मनोनित पार्षदों को विदाई दी गई।

विदाई समारोह में शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा समेत शहर के कई गणमान्य लोगों के अलावा निगमायुक्त प्रदीप दहिया समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर मेयर सरदाना ने अपने सरकारी आवास तथा गाड़ी की चाबियां निगमायुक्त दहिया को सौंपते हुए पांच वर्ष के कार्यकाल में सभी पार्षदों तथा निगम अधिकारियों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार जताया।



हिसार। निगमायुक्त प्रदीय दहिया को चाबियां सौंपते मेयर गौतम सरदाना। फोटो : हरिभूमि

### अच्छे वर्किंग माहौल में काम करने का मौका मिला

निगमायुक्त दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें अच्छे वर्किंग माहौल में काम करने का मौका मिला। कभी किसी तरह का दबाव महसूस नहीं किया। निगम क्षेत्र में नए-नए प्रोजेक्ट लगाने और सरकार की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने में पार्षदों को भरपूर सहयोग मिला।

### अधिकारियों को सराहा

समारोह में उपस्थित पार्षदों ने बारी-बारी से पांच साल के अपने अनुभुवों को साझा करते हुए कहा कि जब वे निर्वाचित होकर सदन में पहुंचे थे तो उनके वार्ड की हालत बेहद खराब थी, लेकिन मेयर तथा निगम अधिकारियों की सहयोग से वार्डों की दशा बिल्कुल बदल गई है। समारोह में उपस्थित सभी पार्षदों ने निगमायुक्त और उनकी टीम की प्रशंसा की।

### चाबियां सौंपने पर मंत्री ने की तारीफ

समारोह को संबोधित करते हुए निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि मेरी मंत्रालय की तरफ से कोई भी नया प्रोजेक्ट आया। पहले मैंने हिसार में उसका ट्रायल करवाया और सफल भी रहा। तिरंगा लाइट, पार्किंग की मार्किंग, साफ सिटी-सेफ सिटी इसके बड़े उदाहरण है। इन प्रोजेक्टों के सफल होने में मेयर, पार्षद और निगम अधिकारियों का बड़ा रोल रहा। शहर को पशु मुक्त बनाने के लिए हमारी सरकार ने इतने अधिक कार्य किए, जो पीछे की सरकार शुरू भी नहीं करवा पाई। ढंढूर में बनाए गए गो-अभ्यारण्य में आज 6500 बेसहारा पशु है, सोचो अगर वे गो-अभ्यारण्य की बजाय शहर में होते तो क्या हाल होता। इस मौके पर निकाय मंत्री ने मेयर को 5 लाख तथा सभी पार्षदों को अपने-अपने एरिया में 2-2 लाख रुपये उनकी पसंद के अनुसार कार्य करवाने के लिए देने की घोषणा की। मंत्री ने कार्यकाल पूरा होने के कुछ घंटे पहले ही सरकारी आवास तथा गाड़ी की चाबियां निगमायुक्त को सौंपने पर मेयर की तारीफ भी की।

### 150 किलोवाट ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ

**हिसार।** नगर निगम कार्यालय में निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व मेयर गौतम सरदाना ने 150 किलोवाट ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम कार्यालय में नए भवन का भी उद्घाटन किया। इस 150 किलोवाट ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट को लगाने में 64.84 लाख रुपये खर्च होंगे। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, बरवाला विधायक जोगीराम सियाग, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल मानी, सभी निगम पार्षद, निगम आयुक्त प्रदीप दहिया, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ प्रदीप हुड्डा आदि मौजूद रहे।

### शहर को बेसहारा पशुमुक्त बनाने पर चल रहा काम

शहर को पशुमुक्त बनाने के सवाल पर गौतम सरदाना ने कहा कि इस पर पांच वर्षों में बहुत काम हुआ है और अभी भी जारी है। बेसहारा पशुओं के लिए 50 एकड़ में 14 करोड़ की लागत से गोअभ्यारण्य का निर्माण करवाया गया है। वहां पर 10000 हजार पशुओं के रखने की व्यवस्था है। आज भी वहां 6500 पशु है। बेसहारा पशुओं की समस्या सिर्फ हिसार शहर की नहीं बल्कि पूरे देश की समस्या है। जल्द ही अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

### छह माह में सुधर जाएगी सीवरेज व्यवस्था

शहर में बिगड़ी सीवरेज व्यवस्था पर मेयर सरदाना ने कहा कि सीवरेज व्यवस्था को सुधारने की दिशा में बहुत काम हुआ है, लेकिन अभी और सुधार की जरूरत है। शहर की मुख्य लाइनों की सफाई का कार्य सीसीटीवी की मदद से किया जा रहा है। जहां भी लाइन बंद हैं, उन्हें बदला जा रहा है। अगले छह महीने में यह कार्य पूरा कर दिया जाएगा। इसके अलावा डेयरी शिफ्टिंग पर भी तेजी से काम चल रहा है।

### स्वच्छता के लिए चलाया अभियान

शहर की स्वच्छता के लिए सेक्टर 14 कम्युनिटी सेंटर कंपोस्ट प्लांट, ऑटो मार्केट कंपोस्ट प्लांट, मधुबन पार्क कंपोस्ट प्लांट, क्रांतिमान पार्क कंपोस्ट प्लांट, सातरोड कंपोस्ट प्लांट, महात्मा गांधी कंपोस्ट प्लांट तोशाम रोड के निर्माण करवाए गए। स्वच्छता को लेकर महाअभियान चलाया और बाजारों में जाकर व्यापारियों व आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में कार्य करते हुए नगर निगम में टाटा एस, जेसीबी और ट्रेक्टर ट्रालियों की खरीद की।

# शहर की हर समस्या को दूर करने का प्रयास किया : मेयर

- कई समस्याएं जड़ की समाप्त तो कइयों पर चल रहा तेजी से काम
- आने वाले समय में बदल जाएगी हिसार की सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि वर्ष 2018 में जनता द्वारा मुझे डायरेक्ट चुना गया था। अपने पांच साल के कार्यकाल मेंशहर की प्रत्येक समस्या को दूर करने का भरपूर प्रयास किया है। कई समस्याओं को जड़ से समाप्त किया तो कइयों पर आज भी काम जारी है। इसके अलावा निगम एरिया की कई परियोजनाएं पाइप लाइन में है, जिनका लाभ भविष्य में जनता को मिलेगा। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जिस तरह से शहर में काम हो रही है, उनके पूरा होते ही हिसार की सूरत बदल जाएगी।

मेयर सरदाना सोमवार को अपना कार्यकाल पूरे होने से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मेयर ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में बताया कि स्वच्छता को लेकर सफाई महा अभियान चलाया। हिसार नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन स्पेशल टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके अलावा सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा लेने के लिए संपूर्ण व्यवस्था करवाई गई। शहर को जाम से निजाद दिलाने के लिए एलिवेटिड रोड का प्रोजेक्ट हाउस की बैठक में पास करवाया। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की अगुवाई में जिस पर तेजी से कार्य चल रहा। उम्मीद है जल्द ही एलिवेटिड रोड बनाने का कार्य भी शुरू हो जाएगा।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते मेयर गौतम सरदाना, साथ हैं सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी। फोटो : हरिभूमि

### भविष्य में इन पर होगा काम

गौतम सरदाना ने बताया कि भविष्य में ताऊ देवीलाल टाउन पार्क का पुनर्निर्माण, शहर के मुख्य चौकों का पुनर्निर्माण करना जिसमें इंडिया गेट, नया संसद भवन, श्री राम मंदिर, चंद्रयान 3, भगवान परशुराम का फरसा व शिव का धनुष जो श्री राम ने तोड़ा था, श्री कृष्णा और अर्जुन के रथ का मॉडल आदि शामिल है। इसके अलावा सभी वार्डों में एमआरएफ सेंटर बनाए जाएंगे।

### यह कार्य भी हुए पूरे

*मेयर ने बताया कि उनके कार्यकाल में सुलभ शौचालय का निर्माण, शहर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए, स्ट्रीट लाइटों की समुचित की व्यवस्था, सभी वार्डों में पीने की पानी की व्यवस्था, शहर से निकलने वाले कूड़े को उठाने एवं निस्तारण, पार्कों का सौंदर्यीकरण, शहर में पार्किंग स्थलों का निर्माण व पार्किंग की व्यवस्था, पूरे शहर में तिरंगा लाइट लगवाना, जनता मार्केट, नगर निगम में सिंगल विंडो व ऑन लाइन सिस्टम लागू कराने आदि शामिल है।*

# ब्लाइंड मर्डर केस में पुलिस ढिलाई पर जताया रोष

- एडीजीपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन, आदमपुर थाना एसएचओ की भूमिका पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बगला रोड स्थित एक अस्पताल की नर्स मुक्तसर निवासी दुर्गा देवी के कथित मर्डर केस में आदमपुर पुलिस द्वारा 30 दिन बीतने के बाद भी एफआईआर दर्ज ना कर मामले में ढ़िलाई बरतने के रोषस्वरूप भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने पीड़ित परिजनों के साथ मिलकर सोमवार को रोष प्रदर्शन किया। क्रांतिमान पार्क में एकत्रित होकर आईजी कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर एडीपीजी श्रीकांत जाधव को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के नेताओं ने इस मामले की जांच स्टेट क्राइम ब्रांच से करवाने को लेकर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और डीजीपी हरियाणा के नाम शिकायत कम ज्ञापन भी एडीजीपी की अनुपस्थिति में डीएसपी सत्यपाल यादव को सौंपा।





हिसार। एडीजीपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी व दलित संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के नेता बजरंग इंदल, रमेश राणा वाल्मीकि, संतलाल अंबेडकर, छात्र नेता अमित जाटव, प्रदीप यादव ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि हिसार जिले में दलित उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है। दलितों के मामले में हिसार पुलिस पूर्वाग्रह ग्रसित होकर हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है। भीम आर्मी के नेताओं ने कहा कि बगला रोड स्थित एक निजी अस्पताल की नर्स दुर्गा देवी मूल रूप से पंजाब की रहने वाली थी और अनुसूचित जाति से संबध रखती थी। दुर्गा देवी की पिछले 8 दिसंबर को अस्पताल में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मर्डर हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुर्गा देवी के हाथों और सिर में 6 चोटों की पुष्टि हुई है लेकिन आदमपुर पुलिस ने इस मामले में परिजनों को धोखे में रखकर खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवाकर इतफाकिया करवाई कर इसे आत्महत्या का मामला दर्शा दिया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि आदमपुर थाना एसएचओ जांच के नाम पर इस मामले में सबूतों को नष्ट करने में आरोपितों की मदद कर रहे है जबकि पीड़ित पक्ष आदमपुर थाना और फिर एडीजीपी श्रीकांत जाधव से मिलकर मामले की निष्पक्ष जांच की गुहार लगा चुके है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गायत्री देवी, अशोक इंदल, राजमल, केसर, संजय, खुशबू, महेंद्र, अजय मुवाल, जयवीर गोदारा, राजेश सोनी, मोनू डिंडा, विनय, काली, मयंक, मनोज, चौधरी अवि, कान्ना प्रधान, अमित, सुनील, राममेहर, पंकज, राजबीर, सुनील कुमार, प्रदीप, गिरजाशंकर, सुमित, प्रवीन सोनी, मिलन जांगड़ा, विक्रम अन्य मौजूद रहे।

# दुष्कर्मी को 20 साल कैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अदालत ने 8 साल की मासूस बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी सोनू पर एक लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत में चले अभियोग के अनुसार महिला थाना पुलिस ने वर्ष 2020 को दुष्कर्म का केस दर्ज किया था। आठ साल की बच्ची पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर अकेली थी। उस दौरान पड़ोस में रहने वाला सोनू उनके घर में घुस गया और उसके साथ रेप किया। इतना ही नहीं सोनू ने उसके इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित सोनू को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने सोनू को इस मामले में दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई।



### छेड़छाड़ के दोषी को 4 साल की कैद

**हिसार।** अदालत ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के दोषी हांसी के सुनील को 4 साल की सजा सुनाई है। अदातल में चले अभियोग के अनुसार पुलिस ने तीन साल पहले छेड़छाड़ का केस दर्ज किया था। शिकायत में पीड़िता किशोरी का कहना था कि वह अपने मकान के पास ही स्थित प्लाट में गई हुई थी। वहां पर आरोपित सुनील ने उसके साथ छेड़छाड़ की। इसका विरोध करने पर से जान से मारने की धमकी। पीड़िता ने इस बारे में अपने माता-पिता का अवगत कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित पर केस दर्ज कर उसे काबू कर लिया।

### नशा तस्कर को 5 साल कैद

**हिसार।** अदालत ने नशा तस्करी के मामले में तस्कर वकील कुमार को 5 साल कैद की सजा सुनाई है। बता दें कि अदालत ने वकील कुमार को 3 जनवरी को दोषी करार दिया गया था। अदालत में चल रहे अभियोग के अनुसार बरवाला थाना में पुलिस विभाग के राकेश ने केस दर्ज करवाया था कि वह अपने टीम के साथ गश्त पर गांव पाबड़ा से फरीदपुर जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार दो युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर वापस बाइक मोड़कर भागते लगे। पुलिस टीम ने यवकों को शक के आधार पर काबू किया। पाबड़ा की हुडा कॉलोनी निवासी वकील उर्फ मांगे की तलाशी लेने पर चार किलो गांजा बरामद हुआ था। पुलिस ने मामले में आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था।

# डिप्टी स्पीकर ने निर्माण कार्यों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों को दी चेतावनी

- रावलवास खुर्द से मात्रश्याम तथा किरतान की ओर जाने वाली सड़कों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश, अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई
- विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा से ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विभाग द्वारा गांव रावलवास खुर्द के आस-पास हाल ही में बनाई गई सड़कों की खराब स्थिति के मद्देनजर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। ग्रामवासियों ने उन्हें सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान यह अवगत करवाया था कि सीसवाला खुंबी फार्म से किरतान तथा रावलवास खुर्द से मात्रश्याम की ओर जाने वाली सड़कों का निर्माण हाल ही में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से करवाया गया था, जो थोड़े ही समय बाद खराब होने लगी है।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते व लाभार्थियों को लाभांवित करते डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, बरवाला की एसडीएम विजया मलिक, ब्लॉक समिति हिसार द्वितीय के चेयरमैन अजय गावड़, बीडीओ कीर्ति सिरोहीवाल, गांव रावलवास खुर्द के सरपंच राजेश, बीडीसी के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र, सुरजभान शास्त्री, सुशील रेड्डू, रविंद्र जागलान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

डिप्टी स्पीकर ने अधिकारियों से स्थिति स्पष्ट करने को कहा तो उन्हें बताया गया कि सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदारों की अदायगी नहीं की गई है। इस पर उन्होंने कहा कि या तो ठेकेदार से अविलंब सड़कों को दुरूस्त करवाया जाए, अन्यथा इस मामलें में जांच करवाकर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। डिप्टी स्पीकर राज्य सभा सांसद डॉ. डीपी वत्स के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़े। साथ ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

### 280 वाहन चालकों के किए चालान

- पुलिस ने यातायात के नियमों की अवहेलना पर की कार्रवाई

**हिसार।** जिला पुलिस की ओर से सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नाकों पर तैनात रहे। नाकों पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने लगभग 1070 वाहन चेक करके ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर 280 वाहन चालकों के चालान किए। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने धुंध के समय वाहन चालकों को हादसों बारे आगाह करते हुए उन्हें सतर्कता से वाहन चलाने के लिए प्रेरित कर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए। यातायात नियमों और लेन ड्राइविंग बारे राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की मुख्य सड़कों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस ने 1070 के लगभग वाहन चेक करते हुए रॉन्ग पार्किंग के 90, ओवर स्पीड के 40 सहित यातायात नियमों की अवहेलना पर 280 वाहन चालकों के चालान किए।

**निरीक्षण** शहर में 4-5 साल पुरानी सड़कों की करवाई जाएगी मरम्मत : एसडीएम

# नगर पार्षदों को साथ लेकर एसडीएम ने किया शहर के कई वार्डों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

एसडीएम मोहित महराणा ने सोमवार को नगर पार्षदों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर कई वार्डो का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वार्डों की बिजली, जलापूर्ति, सीवरेज व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने वार्ड नंबर 12 - 13 तथा 14 का दौरा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर वासियों को निर्बाध बिजली सप्लाई उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यकता अनुसार नए बिजली के पोल लगाने तथा जहां बिजली की तारें ढीली है उन्हें दुरुस्त करना सुनिश्चित करें।

एसडीएम मोहित ने कहा कि चार-पांच साल पुरानी सभी सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को अधिकतम दो सप्ताह के अंदर दुरुस्त कर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण एलावादी, नगर परिषद के कार्यकारी राजाराम तथा जनस्वास्थ्य व बिजली निगम के अधिकारी तथा नगर पार्षद उपस्थित रहे।



हांसी। शहर का दौरा कर समस्याओं का जायजा लेते एसडीएम मोहित महराणा उनके साथ हैं नगर परिषद चेयरमैन प्रवीन एलवादी व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### बूस्टिंग स्टेशन के टैंक की सफाई के निर्देश

उन्होंने मुल्तान कॉलोनी में बनाए गए बूस्टिंग स्टेशन के टैंक की साफ सफाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में जलापूर्ति तथा सीवरेज लाइन बिछाने की आवश्यकता है वहां विकास कार्यों का तुरंत प्रस्ताव तैयार करें ताकि सभी विकास कार्यों को जल्द शुरू करवा कर लोगों को सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

### अवैध कचरा प्वाइंट बंद किए जाएं

*एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में जहां कहीं भी अवैध कचरा पॉइंट बन गए हैं उन्हें बंद करवाएं। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से भी अपील कि वह कूड़ा करकट को इधर-उधर फेंकने के स्थान पर आपके गली मौहल्ले में आने वाले नगर परिषद के टिपरों में डालें ताकि कूड़ा करकट को उचित स्थान पर डाला जा सके।*

## खबर संक्षेप

### संसारिक एवं आध्यात्मिक समृद्धि पर शिविर 4 से

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन, सिरसा रोड पर सोमवार को ध्यान उत्सव का आयोजन किया गया। मां सांची ने अपने अंदर उतरने की अनेक विधियों के बारे में बताया तथा 4 फरवरी को महासत्संग के आयोजन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

### सामाजिक संगठन आज करेंगे थाना का घेराव

**हिसार।** गांव डाबड़ा के पवन सुसाइड मामले में पुलिस द्वारा जिम्मेवार लोगों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने व अनुसूचित जाति के नेता प्रदीप भानखड़ के साथ मारपीट करने, जातिसूचक गाली देने व अवैध हिरासत में रखने के मामले में उनके बयान दर्ज होने के बावजूद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने के रोष स्वरूप विभिन्न सामाजिक संगठन 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे सिटी थाना का घेराव करेंगे।

### श्री सनातन धर्म सेवा समिति ने बांटे कंबल

**हिसार।** श्री सनातन धर्म सेवा समिति के सदस्यों ने सेक्टर 16-17 स्थित सड़क किनारे बसी झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे जरूरतमंद परिवारों को गर्म रजाई, कंबल वितरित किए। गर्म रजाई कंबल वितरण से पूर्व समिति सदस्यों ने व भजन सम्राट सुदर्शन मुखीजा ने पटेल नगर में स्थित श्री राम मंदिर में भजन गायन का कार्यक्रम हुआ।

### साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहें : एसपी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने साइबर अपराध के प्रति नागरिकों को सावधान करते हुए कहा कि साइबर अपराधियों ने लोगों को ठगने का नया तरीका निकाला है। साईबर क्रिमिनल महिलाओं के नाम से व्हाट्सएप, इन्स्टाग्राम व फेसबुक पर अकाउंट बनाते है और फिर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज दोस्ती करते हैं और अश्लील चैटिंग के माध्यम से उनकी फर्जी अश्लील वीडियो बना लेते हैं।

### आर्ट ऑफ लिविंग करेगा उत्कर्ष योग का आयोजन

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग की हिसार इकाई द्वारा 8-12 वर्ष के बच्चों के लिए 4 दिवसीय उत्कर्ष योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि बच्चों का यह कार्यक्रम सेक्टर 14 पार्ट-टू स्थित आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर में 9 से 12 जनवरी को दोपहर बादी आयोजित किया जाएगा।

### भोड़ियाखेड़ा में बिजली की दुकान से नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद शहर पुलिस ने गजेंद्र निवासी गांव भोडियाखेड़ा की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गजेंद्र कुमार ने बताया कि उसके घर के पास ही उसने मैसर्ज नरेश ट्रेडिंग के नाम से बिजली की दुकान है। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर 15 हजार रुपये की नकदी चुरा ली।

### 2140 रुपए की सट्टाराशि सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** कालांवाली सीआईए पुलिस ने गांव पिपली में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने पर एक व्यक्ति को 2140 रुपए के साथ काबू किया है। कालांवाली सीआईए प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नरेंद्र कुमार निवासी पिपली के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से 2140 रुपए बरामद की गई।

### दो युवक 26 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**डबवाली।** सदर थाना डबवाली पुलिस टीम ने दो अलग अलग मामलों में 26 बोतल शराब ठेका देसी सहित दो युवकों को काबू किया है। थाना सदर डबवाली प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गांव दिवानखेड़ा के समीप शक के आधार पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जा से 13 बोतल शराब देसी शराब बरामद की।

---

## मंदिर निर्माण में उकलाना के कारसेवकों की रही अहम भूमिका

# कारसेवकों के 20 दिन जेल में बीते, अब मना रहे जश्न

### श्रीनिवास गोयल समेत 27 कारसेवक अयोध्या के लिए हुए थे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उकलाना

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण 22 जनवरी को जनता को समर्पित होने जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करने जा रहे हैं। यह तभी संभव हो पाया जब छोटे-छोटे क्षेत्र से भी कार सेवकों ने मंदिर निर्माण के लिए वर्ष 1990 व 1992 में अपना योगदान दिया और अनेक कार्य सेवकों ने अपनी कुबार्नी भी राम मंदिर के लिए दी।

उन्ही में से आज हम आपका परिचय करवा रहे हैं उकलाना से राष्ट्रीय स्वयंसेवक व भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल ने बताया कि वर्ष 1990 में राम जन्मभूमि जाने की प्रेरणा पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी एवं मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रथ यात्रा उकलाना में अयोध्या न्यास अध्यक्ष श्री श्री 1008 नृत्य गोपाल दास महाराज व आनंद ज्योति परमहंस के उकलाना आने पर प्रेरित होकर अयोध्या में कार सेवा करने की प्रेरणा मिली। श्रीनिवास गोयल 1990 में 27 कारसेवक ईश्वर बिंदल, मदनलाल सिंगला, महेंद्र जैन, ललित बंसल, प्रेम सागर परूथी, भूषण गर्ग, प्रेम भेरिया, रामफल गोयल, रमेश गोयल राखी वाले, रघुवीर गोयल, विष्णु गोयल, गौरी शंकर बांसल, सनियाना से जगजीवन शर्मा ,उमाकांत शर्मा ,सुभाष मुंजाल, लीलू राम छिम्पी, टहल सिंह छिम्पी आदि को राम प्रताप बिंदल,अशोक गोयल , सतनारायण बंसल, रतन सिंगला, किशोरी लाल महिपाल प्रधान मंदिर कमेटी, लालाराम प्रसाद सिंगला आदि प्रमुख लोगों ने कार सेवकों को यहां से रवाना किया।



उकलाना। कार सेवकों से बातचीत करते श्रीनिवास गोयल। फोटो : हरिभूमि

### 6 दिसंबर 1992 करे फिर अयोध्या पहुंचे



6 दिसंबर 1992 का जिक्र करते हुए श्रीनिवास गोयल ने बताया कि 22 कारसेवकों सहित फिर अयोध्या मंदिर निर्माण के लिए पहुंच गए उसी दिन कार सेवकों ने विवादित ढांचे को गिरा दिया। मौके पर सभी कर सेवक अयोध्या मौजूद थे। जगजीवन राम शर्मा का दोनों हाथों में ईंट लेकर तोड़ते हुए माया पत्रिका में फोटो भी प्रकाशित हुआ। यह एक बहुत बड़ी श्रीनिवास गोयल व कारसेवकों के लिए उपलब्धि थी।

### 20 दिन अलीगढ़ जेल में कैदियों के साथ रखा

कार सेवक उकलाना से हिसार होते हुए अयोध्या जा रहे थे तो श्रीनिवास गोयल व उनके साथियों को टूंडला में गिरफ्तार कर लिया गया और 20 दिन अलीगढ़ जेल में बिताए। अब श्रीनिवास गोयल ने राम मंदिर का निर्माण हो चुका तो उन लम्हों का जिक्र करते हुए कहा कि उसे दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस का कार सेवकों पर पूरा तांडव होता था और अयोध्या में पहुंचने तक नहीं दिया जाता था उससे पूर्व ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। मेरे साथ गए कार सेवकों को भी गिरफ्तार किया। उन्हें खूंखार कैदियों के साथ रखा गया और यातनाएं दी गई। विभिन्न तरह से कारसेवकों को प्रताड़ित किया गया। साथ ही किसी प्रकार की सुविधाएं उन्हें नहीं दी जा रही थी। गोयल ने कहा कि उनके चाचा तत्कालीन जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश गोयल आगरा से अलीगढ़ जेल में मिलने के लिए आए। बीस दिन उपरांत अलीगढ़ जेल से उनको रिहा कर दिया गया।

---

# पोस्टर मेकिंग में निकिता प्रथम

- छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें निकिता प्रथम, महक व पूनम द्वितीय ,मंजू व अंकिता तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखते हुए व उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से मंजू व इला को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा लांच किए गए विकसित भारत 2047 कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी में नई चेतना जागृत कर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानते हुए कर्णधार बनाने का है। प्राचार्या ने विजेता विद्यार्थियों व इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ शालिनी व प्रेम सुख को बधाई दी। निर्णायक की भूमिका डॉ. रमेश व डॉ. मोनिका ने निभाई।



हिसार। प्राचार्या डॉ. उर्मिल मलिक के साथ विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए भूख हड़ताल पर बैठे रेलवे कर्मचारी

- 8 जनवरी से 11 जनवरी तक जाखल जंक्शन पर भूख हड़ताल पर रहेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जाखल

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सोमवार से रेलवे कर्मी चार दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। जाखल रेलवे स्टेशन पर भूख हड़ताल पर बैठे नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन सहित उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन किया। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पंकज व सतवीर सिंह ने बताया कि 8 जनवरी से 11 जनवरी तक जाखल जंक्शन पर भूख हड़ताल पर रहेंगे। रेलवे कर्मियों के हड़ताल पर जाने से कार्य भी बाधित हो सकता है। यूआरएमयू रेलवे यूनियन के प्रभार सचिव रमणीक शर्मा के आह्वान पर जाखल ब्रांच की तरफ से सीनियर सेक्शन इंजीनियर (विद्युत) मनजीत सिंह, सोनू कुमार, वेदपाल, सोमदत, सुखविंदर सिंह रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भूख हड़ताल पर जाखल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बैठ गए हैं। हड़ताल में दिल्ली मंडल के उपाध्यक्ष कामरेड मुकेश दहिया पहुंचें। ब्रांच सचिव पंकज नैन, अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, मनजीत, जगजीत, दिनेश, रोहित, जोनी, प्रेम आदि मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बैठक 12 को

**हिसार।** उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में 12 जनवरी को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह को बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की जाएगी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, एचएसवीपी, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, मार्केट कमेटी, जिला सैनिक बोर्ड, रैडक्रॉस, एचएसवीपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

---

# स्वरोजगार के बारे में बताया

- राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवा में स्वयंसेवकों को एसएचजी के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलवा में आयोजित किया जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वयंसेवकों को स्वयं सहायता समूह बनाकर सहकारिता से स्वरोजगार प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम अधिकारी अशोक वशिष्ठ ने बताया कि हरकोफैड के एजुकेशन ट्रेनर देवेंद्र सिंह ने शिविर में भागीदारी करते स्वरोजगार प्राप्ति के लिए विभिन्न उपायों के बारे में समझाया। द्वितीय सत्र में नंदकिशोर यादव ने समय प्रबंधन, तनाव मुक्ति, कैरियर निर्माण संबंधी युवाओं के प्रश्नों पर संवाद कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्राचार्य सुरेंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी अशोक वशिष्ठ, सहायक नवीन आर्य , संतोष, मुस्कान, रिंपी, एकता, मोनिका सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।



हिसार। स्वयंसेवकों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# नप अधिकारी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

- नगर परिषद की महिला कर्मचारी ने उसकी आईडी से विवादित प्रोप्टी आईडी दर्ज करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

शहर थाना पुलिस ने विवादित प्रोप्टी की गलत आईडी दर्ज किए जाने को लेकर महिला कर्मचारी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर हांसी नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विकास कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में लाल सड़क निवासी व नगर परिषद में तैनात महिला कर्मचारी गीता रानी ने कहा है कि वह नगर परिषद हांसी में लिपिक के पद पर कार्यरत हूं। नगर परिषद हांसी में मेरा कार्य ऑनलाइन लगी हुई फाइल पर नाम के आवेदन की जांच करने की है और मैं मेरा कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कर रही हूं। लेकिन पिछले काफी समय से मेरा मानसिक संतुलन ठीक नहीं चल रहा है जिसके लिए मैंने कई बार कार्यकारी अधिकारी से छुट्टी का आग्रह भी किया है लेकिन उन्होंने मेरा आवेदन हर बार रद कर दिया। महिला लिपिक ने बताया कि वह 5 जनवरी को कार्यालय में थी और मेरे सिर में काफी दर्द था और कार्य करने में सक्षम नही थी इसी दौरान दोपहर बाद 3:22 बजे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विकास नगर परिषद के कमरे में आया और उसी समय एक और कर्मचारी शमशेर ने मुझे इंप्रुवमेंट ट्रस्ट की किसी फाइल के सम्बन्ध में अपने कमरे में बुलाया और मैं उसके कमरे में चली गई लेकिन इस दौरान कम्प्यूटर में मेरी मेकर आईडी लॉग इन थी उसी बीच विकास ने मेरी आईडी से एक विवादित फाइल को पास कर दिया। जबकि इसी फाइल को मैंने पहले 4 जनवरी को दो पक्षों के बीच विवादित होने व गलत फाइल होने के वजह से रिवर्ट कर दिया था। मेरी गैरमौजूदगी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विकास ने मेरी आईडी से फाइल को पास किया और कार्यकारी अधिकारी की आईडी से चैकर की आईडी से भी उसी ने अप्रुवड कर दिया। उसने कार्यकारी अधिकारी के समक्ष इस बात को रखा तो उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विकास का बचाव करते हुए मेरा और कर्मचारी बिलिन्द्र का नाम गलत तौर पर प्रस्तुत कर रहे हैं।

### कर्मचारी ने कहा-लगाए गए आरोप बेबुनियाद

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजाराम ने बताया कि मेरे कर्मचारी ने मामला दर्ज करवाया है, इस बात का मुझे पता नहीं था, मुझे बाद में पता चला। अगर ऐसी कोई बात थी तो महिला कर्मचारी को मुझसे डिस्कस करना चाहिए था। जब कर्मचारी गीता से इस बारे में पूछा तो उनके पास इस बारे में कोई जवाब नहीं था। शुक्रवार को वह फाइल अप्रूवल की गई है। शिकायत में जो भी आरोप लगाये जा रहे है वह सभी निराधार है।

### सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**हांसी।** सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस द्वारा महिलाओं को अपराधों तथा अपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों के प्रति सजग व जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महिला पुलिस टीमों ने सोमवार को शहर के बस स्टैंड, सदर बाजार, एसडी महिला कॉलेज वाली गली, प्रताप बाजार, बड़सी गेट, छाबड़ा चौक व बजरिया चौक आदि सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों व रोडवेज बसों में महिलाओं और लड़कियों पर फब्तियां कसने, छेड़छाड़ और बदतमीजी जैसी हरकते करने वालों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया।

# श्रम मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की

- उकलाना ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करवाने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

श्रम मंत्री अनूप धानक ने सोमवार को उकलाना विधानसभा क्षेत्र में करवाए जाने वाले सभी विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने उकलाना ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करवाने की हिदायत दी।

बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह तथा जिला परिषद के सीईओ अश्वीर नैन भी उपस्थित थे। श्रम मंत्री ने उकलाना क्षेत्र के विकास कार्यों संबंधी एनओसी, एस्टीमेट, प्रस्ताव, टैंडर संबंधी कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि गांव कुंदनपुर, बालक, कनोह, अग्रोहा, बनभौरी, बिठमड़ा तथा सिवानी बोलान के विभिन्न प्रोजेक्टों के लिए जो टैंडर हो चुके हैं या जिन पर निर्माण कार्य चल रहा है, उन्हें सभी प्रकार का प्रशासनिक सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्र के कार्यों को फरवरी तक निपटाना सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।



हिसार। विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते श्रम मंत्री अनूप धानक। फोटो : हरिभूमि

## गेम हेंडबॉल प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में पहुंचा हरियाणा

- प्री क्वाटर्र व क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

महाबीर स्टेडियम में चल रही 67वीं स्कूल गेम हेंडबाल प्रतियोगिता अंडर वर्ग में सोमवार को प्री क्वाटर व क्वाटर फाइनल मैच खेले गए। इसके लड़के व लड़कियों के वर्ग में हरियाणा सेमीफाइल में पहुंच गया है। लड़के के वर्ग में पहला सेमीफाइनल राजस्थान व पंजाब के बीच तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच बिहार व हरियाणा के बीच खेला जाएगा। इससे पहले प्री क्वाटर व क्वाटर फाइनल मुकाबले हुए। प्री क्वाटर के लड़कों के मुकाबलों में उत्तर प्रदेश ने तेलंगाना को, पंजाब ने केरल को, गुजरात ने कर्नाटक को, हरियाणा ने तमिलनाडू को, चंडीगढ़ ने दिल्ली को, राजस्थान ने मध्यप्रदेश को, हिमाचल प्रदेश ने आईपीएससी को व बिहार ने झारखंड को पराजित किया। लड़कों के मुकाबलों में क्वाटर फाइनल में पंजाब ने यूपी को, बिहार ने हिमाचल प्रदेश को, हरियाणा ने गुजरात को हराया। लड़कियों के मुकाबले के प्री क्वाटर में यूपी ने झारखंड को, बिहार ने कर्नाटक को हराया। लड़कियों के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान को, हरियाणा ने मध्यप्रदेश को हराया।

# सिरसा के 5 गांव को किया ड्रग मुक्त घोषित

- गांव झोरड़नाली, केलनिया, धनूर, चामल व जंडवाला जाटान हुआ ड्रग मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने सोमवार को गांव झोरडनाली सहित जिले के पांच गावों को ड्रग्स मुक्त घोषित किया। झोरड़नाली गांव में आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम में एडीजीपी ने जिला के गांव झोरड़नाली, केलनिया, धनूर, चामल व जंडवाला जाटान को ड्रग मुक्त गांव घोषणा किया। इस अवसर पर ग्राम की पंचायतों को एडीजीपी ने प्रशंसा पत्र सहित ड्रग मुक्त अवार्ड से नवाजा गया। जाधव ने कहा कि लोगो की दृढ़ इच्छाशक्ति और हौसलें के बल पर आज सिरसा के 5 गांवों को पंचायतों व सभी ग्रामीणों ने मिलकर अपने गांवों ड्रग मुक्त गांव बनाया हैं। इन गावों पंचायत ने वह सभी ग्रामीणों ने पुराने ढर्रे से अलग हटकर नई सोच नई ऊर्जा के साथ सामूहिक रूप से काम करते हुए अपने गांव की छवि को उज्जवल करने के लिए जो प्रयास किया है वह निःसंदेह काबिले तारीफ है व अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादाई है। समस्याओं के निवारण के लिए किसी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है।

## पिछले तीन साल से सड़क के बीचोंबीच अवरोधक बन रहे 44 खंभे

# 60 दिनों में सभी बिजली खंभों को किया जाएगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

शहर में लाखों रुपये की लागत से बनी सड़कों के बीच में बिजली निगम के पोल अवरोधक बन रहे थे। अब बिजली निगम ने साढ़े 22 लाख रुपये की लागत से गवर्नमेंट कालेज रोड पर लगे 44 खंभों को शिफ्ट करने का टेंडर लगाया है, जिसका वर्क आर्डर भी जारी हो चुका है टेंडर खुलने के बाद सोमवार से काम शुरू हो गया। निगम की ओर से इस टेंडर में 60 दिनों के अंदर रोड पर लगे 44 खंभों को दीवार के साथ शिफ्ट किया जाना है। बता दें कि रोड के निर्माण को तीन वर्ष होने के बावजूद निगम ने रोड़ के बीच में आ रहे अपने बिजली के खंभों को नहीं हटाया था, लेकिन जब नगर परिषद के कर्मचारी बिजली निगम के पोलों को हटाने के बारे बिजली निगम गए, तो वहां उन्होंने खंभे हटाने को लेकर विभाग ने लगभग 23 लाख रूपये का एस्टीमेट बनाकर थमा दिया। अब नप द्वारा कुछ दिनों पहले रुपये जमा कराए जाने के बाद बिजली निगम ने इसका टेंडर लगा दिया और अब टेंडर खुलने और वर्क आर्डर जारी होने के बाद सोमवार को सड़क के बीचोंबीच खड़े खंभों को हटाने का काम शुरू हो गया।



हांसी। सड़क के बीच में खड़े बिजली के खंभे।

### गवर्नमेंट कॉलेज रोड से पटेल चौक तक खड़े हैं 44 खंभे

पटेल स्मारक चौक से लेकर गवर्नमेंट कालेज तक नगर परिषद ने तीन साल पहले सीसी रोड बनाया था। नगर परिषद द्वारा 6 करोड़ रुपये की लागत से इस रोड का निर्माण करवाया गया। रोड के निर्माण के दौरान बिजली के खंभे बीच में आ रहे थे। परिषद ने इसे हटाने के लिए बिजली निगम को लिखा।

### काम शुरू : एसडीओ

बिजली निगम के एसडीओ एजाज अहमद ने बताया कि नेहरू कालेज से क्रांतिकारी चौक वाली सडक पर लगे बिजली के पोलों को हटाने को टेंडर लगाया गया था, जिसके अब वर्क आर्डर हो चुके हैं और काम शुरू करवा दिया गया है। खंभों को शिफ्ट किये जाने के लिये साढ़े 22 लाख रुपये का टेंडर लगाया गया है। अब रोड के बीच आ रहे 44 खंभों को हटाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सड़कों की खस्ता हालत से लोगों को भारी परेशानी

**आदमपुर।** क्षेत्र के सदलपुर, आदमपुर सीसवाल रोड की खस्ता हालत से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि सड़क लगभग समाप्त हो चुकी है एवं सड़क कम गड्ढे ज्यादा नजर आ रहे हैं। खस्ता हालात के चलते कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। सदलपुर, बरवाला, किशनगढ के जनपगतिनिधियों व लोगों ने सरकार व विभाग से यह सडक तुरंत बनाने की मांग की है।

### युवाओं को किया नशे के खिलाफ जागरूक

**हिसार।** यूथ एंगेजमेंट कार्यक्रम के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस की ओर से खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सेक्टर 16-17 में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक निर्मला ने बताया कि खेल के जरिए अक्सर मानसिक तनाव दूर करने की बात कही जाती है।

### सात दिवसीय कैंप का हुआ समापन

**आदमपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में चल रहे सात दिवसीय कैंप का सोमवार को समापन हो गया। समापन पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए हिमाचल प्रदेश में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत विद्यालय के सत्र 2014-2015 के पूर्व छात्र अनूप कुमार नामदेव ने बच्चों को सम्बोधित किया।

### होली चाइल्ड स्कूल के छात्र रेहान ने जूडो में जीता गोल्ड

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र रेहान सैनी ने राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीत कर अपने विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजपाल सिंधु ने रेहान की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों पर भी विशेष बल दिया जाता है।

### बुलेट व ट्रैक्टर सहित 147 वाहनों के किए चालान

**हांसी।** सीलिंग प्लान के तहत जिला पुलिस द्वारा सोमवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला पुलिस क्षेत्र में 36 नाके लगाकर नाकाबंदी करके पूरे जिले को सील किया गया। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने 1312 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 147 वाहनों के चालान किए गए।

### 35 अध्यापक हिमाचल से हिसार पहुंचे

**हिसार।** हिमाचल प्रदेश में डीएवी स्कूलों के 35 शिक्षक दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय में वैदिक प्रशिक्षण के लिए पहुंचे हैं। उनके आगमन पर सोमवार विशेष हवन यज्ञ व सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन में पंजाब नेशनल बैंक के सीनियर मैनेजर नरेंद्र शर्मा और उनकी धर्मपत्नी प्रिंसिपल इंदु शर्मा प्रमुख यजमान थे। प्राचार्य प्रमोद योगार्थी ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य सत्यकाम ने वेद मंत्र प्रस्तुत किया और बताया कि काल सर्वाधिक शक्तिशाली है और सब कुछ इसके अधीन है, इसलिए हमें समय का आदर करना चाहिए और समय का सदुपयोग करना चाहिए।

---

### मांगों को लेकर पटवारी व कानूनगो का धरना छठे दिन में प्रवेश

# फर्द लेने के लिए लोग परेशान काट रहे पटवार भवन के चक्कर

**पांच दिन बाद भी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी जिसके विरोध मे राज्य कार्यकारणी ने कार्य बहिष्कार को आगे बढाने का निर्णय लिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन जिला हिसार द्वारा मांगों को लेकर सोमवार को भी सांकेतिक कार्य बहिष्कार करते हुए जिला मुख्यालय पर छठे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना की अध्यक्षता जिला प्रधान आजाद सिंह ने की तथा मंच का संचालन गुरुदेव उप प्रधान ने किया। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि पांच दिन बाद भी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी जिसके विरोध मे राज्य कार्यकारणी ने कार्य बहिष्कार को आगे बढाने का निर्णय लिया। लोगों की परेशानी के लिए सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेवारी होगी। उधर, पटवारी व कानूनगो की हड़ताल के चलते कामकाज पर असर पड़ रहा है। लोग फर्द, रिहायशी प्रमाण-पत्रों के लिए पटवार भवन में चक्कर काटने को मजबूर है।

लघु सचिवालय के सामने धरने को संबोधित करते हुए जिला पूर्व सचिव बलबीर ने बताया कि पटवारी व कानूनगो की मांगें पिछले काफी समय से लंबित हैं, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार जनवरी 2016 से 32100 रुपये वेतनमान लागू किया जाए, प्रदेश में पटवारियों के रिक्त पड़े पदों को स्थाई भर्ती से भरा जाए व ट्रेनिंग को डयूटी समय मे शामिल किया जाए व पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए, जब तक नई भर्तियां नहीं होती तब तक जिस पटवारी को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है उसे अन्य राज्यों की तर्ज पर वेतन व भत्ते दिए जाएं आदि मांगों प्रमुख हैं। इस मौके पर रिटायर्ड कानूनगो रामसिंह, कृष्णलाल, धर्मपाल कानूनगो, सुशील पटवारी, सतबीर पटवारी, प्रीतम, याद मोहमद आदि उपस्थित थे।



हिसार। धरने पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते पटवारी व कानूनगो।



हिसार। किसानों के बेमियादी धरने पर बैठे विभिन्न गांवों से आए किसान।

#### पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल 3 दिन बढ़ी

**हांसी।** अपनी मांगों को लेकर पटवारियों तथा कानूनगो द्वारा अपनी हड़ताल को तीन दिन और बढ़ा दिया गया है जिसके चलते पटवारखानों पर ताले लटके हुए नजर आए। वहीं दूर- दूर के क्षेत्रों से अपने काम करवाने आए लोगों को हाड़ कंपा देने वाली ठंड में परेशानियों का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह तीन दिन हड़ताल पर रहने के बाद सोमवार को पटवारियों की हड़ताल समाप्त होनी थी। ठंड के इस मौसम में लोग जहां अपने जमीन संबंधी कार्यों को लेकर सोमवार को पटवारियों के दफ्तर पहुंचे लेकिन पटवार खाने पर लगे ताले को देखकर लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा और लोगों को पटवार खाने पहुंचने के बाद पता चला कि पटवारियों ने अपनी हड़ताल को तीन दिन और बढ़ा दिया। हांसी पटवार खाने में अपना काम करवाने आए जमावडी निवासी रामकृष्ण से बताया की वह पिछले एक सप्ताह से पटवारखाने के चक्कर काट रहा हैं।

#### किसानों का बेमियादी धरना जारी

**हिसार।** फसल बीमा व 72 गांवों का बकाया मुआवजा, 2023 फसल खराबा की गिरदावरी, आवारा पशुओं पर रोक व पशु मेले खोले जाएं, कपास व नरमा की मंडियों में लूट बंद हो और एमएसपी पर खरीद शुरू की जाए, नहरों में दो हफ्ते पूरा पानी दिया जाए आदि मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में लघु सचिवालय के समक्ष चल रहा किसानों का बेमियादी धरना सोमवार को छठे दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता का. करतार सिंह सिवाच व रिछपाल सिंह जाखड़ ने संयुक्त रूप से की व धरने का संचालन राजीव मलिक व दशरथ देपल ने किया। किसानों को संबोधित करते हुए जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने कहा कि किसानों को खाद, बीज व दवाइयां नकली तथा ब्लैक में मिल रही है। सरकार इस पर कोई रोक नहीं लगा रही। किसानों की फसल को कोई खरीदने वाला नहीं है, इसलिए यह लड़ाई लंबी चलेगी। इस मौके पर किसान यूनियन उगराहा के प्रधान कुलदीप पूनिया, मास्टर प्रताप सिंह बड़छप्पर, ईश्वर सिंह ग्रेवाल, सतबीर रोहिल, जयपाल सिंधु, मास्टर ओमप्रकाश सैनी, दिलबाग हुड्डा, सुरेंद्र मान, हर्षदीप गिल, सूबेसिंह बूरा, अनिल बैंदा, कपूर सिंह बगला, हनुमान जोहर, सतबीर धायल आदि भी उपस्थित रहे।

---

### प्रदेश प्रभारी की चेतावनी के बावजूद सैलजा जन संवाद यात्रा पर अड़िग

- बोली, हम पार्टी के सच्चे सिपाही मजबूती के लिए कर रहे काम
- मेरे अध्यक्षकाल में भी चलाए जा रहे थे समानांतर कार्यक्रम, नहीं दी जाती थी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने 17 जनवरी से जन संवाद यात्रा शुरू करने का ऐलान कर दिया है। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी द्वारा इस तरह के किसी कार्यक्रम की मंजूरी न होने के दावे को खारिज करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि शायद उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात नहीं हुई होगी, हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष को यात्रा बारे सब कुछ बता रखा है। कुमारी सैलजा सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत रही थी। उन्होंने कहा कि वे 17 जनवरी को हिसार संसदीय क्षेत्र से अपनी यात्रा शुरू करेंगी जो दो दिन 17 व 18 जनवरी को हिसार क्षेत्र पूरा करेगी। इसके बाद 20, 21 व 23 जनवरी को भिवानी संसदीय क्षेत्र में जाएंगे। इसी तरह राज्य के अन्य क्षेत्रों में हमारी यात्रा जाएगी, जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया द्वारा इस तरह के समानांतर कार्यक्रमों को किसी तरह की मंजूरी न होने के सवाल पर कुमारी सैलजा ने कहा कि हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पूरा रोडमैप बता रखा है, यात्रा की उनको पूरी जानकारी है, शायद प्रभारी की राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात नहीं हुई होगी। उन्होंने कहा कि जब वे प्रदेश अध्यक्ष थी तो उनकी मंजूरी या जानकारी दिए बिना भी समानांतर कार्यक्रम होते रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, रणधीर सिंह धीरा, डॉ. अजय चौधरी, जगन्नाथ, लाल बहादुर खोवाल, मुकेश सैनी, हरपाल बूरा, रामनिवास राड़ा, मास्टर हरि सिंह, भूपेंद्र गंगवा, राकेश तंवर, बालादेवी खेदड़, कुरड़ाराम नंबरदार आदि मौजूद थे।

### कुमारी सूक्ष्म का राष्ट्रीय स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में चयन



**हिसार।** 48वी जूनियर नेशनल कैरम प्रतियोगिता तमिलनाडु में 10 फरवरी से 13 फरवरी तक होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय कैरम प्रतियोगिता के लिए हिसार से कुमारी सूक्ष्म का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता अंडर 18 आयु वर्ग में आयोजित होनी है। हिसार की पहली महिला खिलाड़ी होने का गौरव भी सूक्ष्म को प्राप्त हुआ है। कुमारी सूक्ष्म हिसार के नजदीकी गांव सारंगपुर की रहने वाली है और यह प्रतियोगिता 48वीं जूनियर नेशनल कैरम प्रतियोगिता में यह ऐसा पहली बार हुआ हिसार की किसी महिला खिलाड़ी का चयन हुआ है।

---

## मां चण्डके देवी मंदिर में होगा हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला




बरवाला। गांव पाबडा में स्थित प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर। फोटो : हरिभूमि

मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर पाबडा में प्रातः पूजा-पाठ व हवन किया जाएगा। इसके उपरांत श्रद्धालुओं में अयोध्या से पूजित अक्षत वितरित किए जाएंगे। अक्षत वितरण के बाद प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी। मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल व महंत आनंद शास्त्री के बताया कि हवन व अक्षत वितरण के दौरान गैबी साहब आश्रम किनाला के संचालक जयदेव गिरी जी महाराज, पाबड़ा पंचग्रामी आश्रम के श्री श्री 1008 सतगुरु हरिहरानंद अवधूत, स्वामी सच्चिदानंद व स्वामी महेश गिरी, आचार्य बजरंग शास्त्री , पांचों गांवों के संत-महात्मा एवं विद्वान ब्राह्मण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। हाल ही में गांव पाबड़ा में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश यात्रा निकालकर मां चण्डके देवी मंदिर पाबडा में कलश की स्थापना की गई थी। 14 जनवरी को संतों के माध्यम से यही अक्षत श्रद्धालुओं में वितरित करके 22 जनवरी को घर-घर में श्रीराम की स्तुति व श्रीराम ज्योत जलाने का आह्वान किया जाएगा।

### कुलदीप बिश्नोई से भाजपा प्रदेश महामंत्री पूनिया ने की मुलाकात

**हिसार।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई से उनके दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों ने प्रदेश के ताजा राजनीतिक हालात पर चर्चा की। इस दौरान पार्टी नेता रणधीर पनिहार भी मौजूद रहे। अपने आवास पर पहुंचने पर कुलदीप बिश्नोई ने नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सुरेन्द्र पूनिया पार्टी के जुझारू व मेहनती नेता है। उनके महामंत्री बनने से पार्टी को बहुत फायदा होगा। खासकर हिसार जिसे से संबंधित होने के कारण पार्टी यहां पहले से और मजबूत होगी।

## हेल्थ टॉक एवं हेल्थ कैंप लगाया

- सीए एसोसिएशन हिसार ब्रांच के लिए लगाए शिविर में 150 से अधिक लोगों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। सर्वेश हेल्थ सिटी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सर्वेश हेल्थ सिटी ने तोशाम रोड स्थित ए एस बैडमिंटन अकादमी में चल रही चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को हेल्थ टॉक एवं हेल्थ कैंप का आयोजन किया। हेल्थ कैंप में सामान्य, नेत्र, फिजियोथैरेपी विभाग ने अपनी सेवाएं दी व डेढ़ सौ से अधिक लोगों की जांच की कैंप के बाद चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए हेल्थ टॉक का भी आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से सर्वेश हैल्थ सिटी के सुप्रसिद्ध हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसून कामरा मुख्य अतिथि एवं स्पीकर रहे डॉ प्रसून ने वहां उपस्थित चार्टर्ड अकाउंटेंटस के हड्डियों, जोड़ों से संबंधित रोगो बारे सवालो के जवाब दिए व व्यायाम एवं खान पान संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। एसोसिएशन के चेयरमैन सीए परमजीत सिंह, वाइस चेयरमैन सीए अमित छाबरा, सेक्रेटरी सीए अमन बंसल, ट्रेजरार सीए प्रतीक आर्य, एग्जीक्यूटिव मेंबर विशेष भारद्वाज व राजवीर श्योराण ने इस विशेष आयोजन के लिए सर्वेश हेल्थ सिटी एवं डॉ प्रसून कामरा का धन्यवाद किया तथा व उन्हें सम्मानित किया।

---



### ओलंपिक में मैडल लेना का सपना : रेहान

**हिसार।** रेहान ने कहा कि वे अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यालय एवं खेल कोच हितेश सैनी और रामनिवास श्योकंद के साथ अपने पिता जोगेन्द्र सैनी को देते हैं। उन्होने बताया कि फाइनल मुकाबला फरीदाबाद के खिलाड़ी के साथ हुआ जिसे हरा कर गोल्ड अपने नाम किया। अब रेहान आगामी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के लिए जमकर पसीना बहा रहें हैं। उनका कहना है कि वे राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में भी इसी प्रकार शानदार प्रदर्शन करना चाहते हैं। उनका सपना है कि वे एक दिन देश के लिए ओलम्पिक में भी मैडल लेकर आए।

## शिविर में 360 रोगियों को जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

समृद्ध भारत परिषद द्वारा पटेल नगर की पंजाबी धर्मशाला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। परिषद के अध्यक्ष विकास लाहौरिया ने बताया कि शिविर में 360 रोगियों का विभिन्न डॉक्टरों द्वारा निरीक्षण किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि डॉक्टर एन.के. खेत्रपाल, डॉक्टर मनोज सोनी, डॉक्टर रोहित सागू, डॉक्टर राहुल बंसल, डॉक्टर अंकित मदान, डॉक्टर नीरव जैन, डॉक्टर रितेश गुप्ता, डॉक्टर महक पराशर, डॉक्टर विनोद डूडी, डॉक्टर रिम्पल मित्तल, डॉ. हर्षल जुनेजा ने रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस अवसर पर प्रकल्प प्रमुख विजय अग्रवाल, मन्नू गोयल, तरुण मेहता, संजीव शर्मा, दीपक अग्रवाल, तिलक मेहता, विशंभर सचदेवा व अन्य सदस्य मौजूद रहे।



हिसार। चिकित्सा शिविर में रोगियों की जांच करते चिकित्सक, साथ हैं संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 18 से

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी द्वारा मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 18 से 20 जनवरी तक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम सहित मशरूम की अन्य किस्मों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाईसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का स्पान या बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याओं और उनके निवारण के बारे में भी प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों तथा बेरोजगार युवक व युवतियों को मशरूम उत्पादन को कृषि विविधिकरण के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहन किया जा सकें ताकि वे स्व-रोजगार के रूप में अपनाकर स्वावलंबी बन सकें। डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की मशरूम टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला का भी भ्रमण करवाया जाएगा।

---

### एसपी ने किया पुलिस कार्रवाई की अवलोकन



इस दौरान पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने विभिन्न नाकों पर जाकर पुलिस द्वारा जा रही कार्रवाई का अवलोकन किया और पुलिस कर्मचारियों को पूरी सीलिंग प्लान किसी भी आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा किया जाता है। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि यह अभियान जिला के आम नागरिकों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम व किसी भी आपात स्थिति से निपटने को ध्यान में रखते हुए चलाया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करेगी : प्रो. बिश्नोई

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक नए युग की शुरुआत

- गुजवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा राज्य उच्चत्तर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. केसी शर्मा ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) भारतीय शिक्षा क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत है। यह शिक्षा नीति छात्र-केंद्रित है। नई शिक्षा व्यवस्था शिक्षण संस्थानों की पसंद की शिक्षा व्यवस्था की बजाय विद्यार्थियों की पसंद की शिक्षा व्यवस्था स्थापित करने का आह्वान करती है। इस शिक्षा व्यवस्था के सम्पूर्ण सकारात्मक परिणाम वर्ष 2040 तक मिलने आरंभ होंगे। प्रो. केसी शर्मा सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर विश्वविद्यालय के समबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, संबंधित अध्यापकों, संयोजकों व अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।



हिसार। कार्यशाला को सम्बोधित करते मख्यातिथि प्रो . केसी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

#### चुनौतियों का समाधान भी निकलेगा

मुख्य अतिथि प्रो. केसी शर्मा ने कहा कि आजाद भारत के बाद कभी भी शिक्षा नीतियों की अनुशंसाओं को पूरी तरह से लागू नहीं किया गया, लेकिन इस बार स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर हर पायदान का संबंधित व्यक्ति तथा व्यवस्थ नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन होता है तो चुनौतियां भी आती हैं, चुनौतियों का समाधान भी निकलेगा, भारतवर्ष में हमेशा से ही शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, इस शिक्षा नीति का उद्देश्य राष्ट्र व समाज के प्रति समर्पित तथा नैतिक मूल्यों सहित एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने की ओर युवाओं को प्रेरित करेगी। यह शिक्षा नीति युवाओं को रोजगार पाने वाले ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनाने के लिए तैयार करेगी।

### रोहतक रैली सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोलेगी : प्रभाकर

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक हिसार की कार्यकारिणी की विस्तृत बैठक सोमवार को ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल के नेतृत्व में सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। बैठक में हमसा के राज्य प्रधान हितेंद्र कुमार व जिला वरिष्ठ उपप्रधान नरेश गौतम शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल व ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर ने कहा कि 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली रैली सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोलने का काम करेगी। संघ के नेताओं ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जन जागरण अभियान चलाएगा। सभी विभागों में गेट मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। राज्य के जत्थों के माध्यम से सभी कर्मचारियों से संपर्क किया जाएगा।